भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं.695

जिसका उत्तर 21.11.2019 को दिया जाना है

अंडरपासों का निर्माण

695. श्री मन्ने श्रीनिवास रेड्डीः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार/एनएचएआई को महबूबनगर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-44 के समीप मुडिरेड्डीपल्ली गांव (राजापुर मंडा) पर सड़क अंडरपास/उपरिपुल के निर्माण हेतु कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; और

(ग) उक्त अंडरपासों/उपरिपुलों का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क): जी, हाँ।

(ख) एवं (ग): चूंकि, मुडिरेड्डीपल्ली पर जंक्शन एक टी-जंक्शन है इसलिए अंडरपास उपलब्ध कराए जाने से इस प्रयोजन की पूर्ति नहीं हो सकती है। हालांकि, व्यवहार्यता के आधार पर और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एसईजेड अर्थात राष्ट्रीय राजमार्ग 44 के हैदराबाद-बैंगलुरू खंड पर किमी 72+867 से किमी 73+800 तक पहुंच सड़क के लिए मुडिरेड्डीपल्ली जंक्शन के दाईं ओर सर्विस रोड की व्यवस्था किए जाने पर विचार किया जा सकता है।

*****